भारत सरकार

कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्रालय

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्या 2445**

उत्तर देने की तारीख 15 दिसंबर, 2025

सोमवार, 24 अग्रहायण, 1947 (शक)

**करौली और धौलपुर में प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना के अंतर्गत प्रशिक्षित युवा**

**2445. श्री भजन लाल जाटव:**

**क्या कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:**

(क) वर्ष 2023 से अब तक राजस्थान के करौली और धौलपुर जिलों में प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना (पीएमकेवीवाई) के अंतर्गत प्रशिक्षित युवाओं की संख्या का लिंग, आयु, श्रेणी और वर्षवार ब्यौरा क्या है;

(ख) प्रशिक्षण पूरा होने के बाद नियोजित युवाओं की संख्या कितनी है;

(ग) दोनों जिलों में कौशल विकास केंद्रों की संख्या, उनकी क्षमता, प्रशिक्षकों की उपलब्धता और नियोजन दर का ब्यौरा क्या है;

(घ) क्या सरकार का कम नियोजन दर को देखते हुए इन जिलों के लिए कोई विशेष उद्योग-आधारित कौशल मॉड्यूल लायू करने का विचार है; और

(ड.) यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**

कौशल विकास और उद्यमशीलता राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)
(श्री जयन्त चौधरी)

(क) पीएमकेवीवाई 4.0 के तहत, वित्त वर्ष 2022-23 से लागू योजना के नवीनतम चरण के अंतर्गत, वित्त वर्ष 2023-24 से दिनांक 31.10.2025 तक राजस्थान के करौली और धौलपुर जिलों में प्रशिक्षित/अभिविन्यस्त युवाओं की संख्या का ब्यौरा अनुबंध-क में दिया गया है।

(ख) पीएमकेवीवाई योजना के पहले तीन चरणों, अर्थात् पीएमकेवीवाई 1.0, पीएमकेवीवाई 2.0 और पीएमकेवीवाई 3.0, जो वित्त वर्ष 2015-16 से वित्त वर्ष 2021-22 तक लागू किए गए थे, के अल्पकालिक प्रशिक्षण (एसटीटी) घटक में प्लेसमेंट का पता लगाया गया था। पीएमकेवीवाई 4.0 के तहत, जो वर्ष 2022-23 से कार्यान्वित है प्रशिक्षित उम्मीदवारों को उनके विविध कैरियर अवसर चुनने के लिए सशक्त बनाने पर ध्यान केंद्रित किया गया है और उन्हें उद्योग से संबंधित कौशल पाठ्यक्रमों के माध्यम से ऑन-जॉब ट्रेनिंग (ओजेटी) द्वारा इसके लिए उपयुक्त रूप से तैयार किया जाता है।

(ग) पीएमकेवीवाई 4.0 के अंतर्गत, 31.10.2025 तक धौलपुर जिले में 42 और करौली जिले में 29 प्रशिक्षण केंद्र (टीसी) सूचीबद्ध किए गए हैं। इन जिलों में 289 प्रशिक्षकों के माध्यम से प्रशिक्षण प्रदान किया गया है। पीएमकेवीवाई 4.0 के अंतर्गत आयोजित प्रशिक्षण में प्रत्येक बैच की क्षमता 10 से 45 तक होती है।

(घ) एवं (ङ) पीएमकेवीवाई 4.0 के अंतर्गत, सरकार ने यह सुनिश्चित करने के लिए अनेक उपाय किए हैं कि प्रशिक्षण कार्यक्रम स्थानीय उद्योग की आवश्यकताओं के अनुरूप हों। पीएमकेवीवाई 4.0 राष्ट्रीय कौशल अर्हता ढांचा के अनुरूप पाठ्यक्रम प्रदान करता है, जिन्हें उद्योगों और संबंधित मंत्रालयों के परामर्श से राष्ट्रीय व्यावसायिक शिक्षा एवं प्रशिक्षण परिषद द्वारा अनुमोदित किया गया है। राज्यों को स्थानीय मांग के आधार पर प्रशिक्षण लक्ष्य प्रस्तावित करने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है, जिसकी पहचान जिला स्तरीय कौशल अंतर अध्ययनों के माध्यम से की जाती है ताकि प्रासंगिकता और प्रभावशीलता सुनिश्चित हो सके। इसके अतिरिक्त, यह योजना पाठ्यक्रम विकास, उद्योग-अनुरूप प्रशिक्षण, मूल्यांकन और प्लेसमेंट की सहायता के लिए उद्योग संघों, अवार्डिंग बॉडीज और कॉर्पोरेट संस्थाओं जैसे निजी क्षेत्र के भागीदारों को सक्रिय रूप से शामिल करती है, जिससे कौशलीकरण और स्थानीय रोजगार के अवसरों के बीच संबंध मजबूत होता है।

**अनुबंध-क**

**दिनांक 15.12.2025 को उत्तरार्थ लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 2445 के भाग (क) के उत्तर में उल्लिखित अनुबंध**

पीएमकेवीवाई 4.0 के तहत, वित्त वर्ष 2023-24 से दिनांक 31.10.2025 तक राजस्थान के धौलपुर और करौली जिलों में प्रशिक्षित/अभिविन्यस्त उम्मीदवारों का वित्त वर्षवार और जेंडर-वार ब्यौरा निम्नलिखित है:-

| **ज़िला** | **जेंडर** | **वित्त वर्ष 23-24** | **वित्त वर्ष 24-25** | **वित्त वर्ष 25-26** | **कुल प्रशिक्षित/ अभिविन्यस्त** |
|---|---|---|---|---|---|
| धौलपुर | महिला | 117 | 3,529 | 26 | 3,672 |
| | पुरुष | 122 | 4,521 | 93 | 4,736 |
| **धौलपुर कुल** | | **239** | **8,050** | **119** | **8,408** |
| करौली | महिला | 30 | 1,404 | 29 | 1,463 |
| | पुरुष | - | 4,649 | 62 | 4,711 |
| **करौली कुल** | | **30** | **6,053** | **91** | **6,174** |

पीएमकेवीवाई 4.0 के अंतर्गत, वित्त वर्ष 2023-24 से दिनांक 31.10.2025 तक राजस्थान के धौलपुर और करौली जिलों में प्रशिक्षित/अभिविन्यस्त उम्मीदवारों का वित्त वर्षवार और श्रेणीवार ब्यौरा निम्नलिखित है:-

| **ज़िला** | **वर्ग** | **वित्त वर्ष 23-24** | **वित्त वर्ष 24-25** | **वित्त वर्ष 25-26** | **कुल प्रशिक्षित/ अभिविन्यस्त** |
|---|---|---|---|---|---|
| **धौलपुर** | अ.जा. | 33 | 1,139 | 27 | 1,199 |
| | अजा.ज. | 1 | 631 | 11 | 643 |
| | अपिव | 143 | 3,614 | 60 | 3,817 |
| | सामान्य | 61 | 2,353 | 21 | 2,435 |
| | अन्य* | 1 | 313 | 0 | 314 |
| **धौलपुर कुल योग** | | **239** | **8,050** | **119** | **8,408** |
| **करौली** | अ.जा. | 17 | 1,141 | 19 | 1,177 |
| | अजा.ज. | 2 | 487 | 11 | 500 |
| | अपिव | 8 | 2,720 | 46 | 2,774 |
| | सामान्य | 3 | 1,338 | 15 | 1,356 |
| | अन्य* | 0 | 367 | 0 | 367 |
| **करौली कुल** | | **30** | **6,053** | **91** | **6,174** |

*नामांकन के दौरान उम्मीदवारों द्वारा किसी विशिष्ट श्रेणी का उल्लेख नहीं किया गया।

पीएमकेवीवाई 4.0 के तहत, वित्त वर्ष 2023-24 से दिनांक 31.10.2025 तक राजस्थान के धौलपुर और करौली जिलों में प्रशिक्षित/अभिविन्यस्त उम्मीदवारों का वित्त वर्षवार और आयुवार ब्यौरा निम्नलिखित है:-

| ज़िला | आयु | वित्त वर्ष - 23-24 | वित्त वर्ष - 24-25 | वित्त वर्ष - 25-26 | कुल प्रशिक्षित/ अभिविन्यस्त |
|---|---|---|---|---|---|
| धौलपुर | 15 | - | - | - | - |
| | 16 | - | 131 | 2 | 133 |
| | 17 | 1 | 607 | 10 | 618 |
| | 18 | 2 | 815 | 16 | 833 |
| | 19 | 7 | 961 | 10 | 978 |
| | 20 | 10 | 895 | 13 | 918 |
| | 21 | 10 | 796 | 15 | 821 |
| | 22 | 13 | 626 | 11 | 650 |
| | 23 | 19 | 497 | 9 | 525 |
| | 24 | 20 | 388 | 5 | 413 |
| | 25 | 26 | 350 | 6 | 382 |
| | 26 | 32 | 258 | 5 | 295 |
| | 27 | 26 | 253 | 4 | 283 |
| | 28 | 13 | 210 | 3 | 226 |
| | 29 | 9 | 197 | - | 206 |
| | 30 | 13 | 170 | 2 | 185 |
| | 31 | 7 | 158 | 3 | 168 |
| | 32 | 12 | 128 | 2 | 142 |
| | 33 | 5 | 102 | - | 107 |
| | 34 | 4 | 99 | 1 | 104 |
| | 35 | 7 | 81 | 1 | 89 |
| | 36 | 2 | 79 | - | 81 |
| | 37 | 1 | 54 | - | 55 |
| | 38 | - | 44 | - | 44 |
| | 39 | - | 40 | - | 40 |
| | 40 | - | 27 | - | 27 |
| | 41 | - | 20 | 1 | 21 |
| | 42 | - | 29 | - | 29 |
| | 43 | - | 11 | - | 11 |
| | 44 | - | 11 | - | 11 |
| | 45 | - | 9 | - | 9 |
| | 46 | - | 2 | - | 2 |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | 47 | - | 1 | - | 1 |
| | 50 | - | 1 | - | 1 |
| | 51 | - | - | - | - |
| **धौलपुर कुल** | | **239** | **8,050** | **119** | **8,408** |
| करौली | 16 | - | 65 | 2 | 67 |
| | 17 | 1 | 324 | 7 | 332 |
| | 18 | 3 | 473 | 7 | 483 |
| | 19 | 3 | 623 | 12 | 638 |
| | 20 | 2 | 741 | 11 | 754 |
| | 21 | - | 647 | 13 | 660 |
| | 22 | 3 | 534 | 10 | 547 |
| | 23 | 2 | 482 | 4 | 488 |
| | 24 | - | 347 | 4 | 351 |
| | 25 | 1 | 311 | 4 | 316 |
| | 26 | 2 | 212 | 3 | 217 |
| | 27 | - | 213 | 2 | 215 |
| | 28 | 1 | 184 | 2 | 187 |
| | 29 | 1 | 154 | 3 | 158 |
| | 30 | 2 | 107 | 1 | 110 |
| | 31 | - | 111 | 1 | 112 |
| | 32 | - | 97 | 2 | 99 |
| | 33 | 1 | 96 | - | 97 |
| | 34 | 5 | 56 | 1 | 62 |
| | 35 | 1 | 64 | - | 65 |
| | 36 | - | 37 | - | 37 |
| | 37 | - | 30 | - | 30 |
| | 38 | - | 39 | 1 | 40 |
| | 39 | 1 | 24 | - | 25 |
| | 40 | - | 20 | - | 20 |
| | 41 | - | 13 | - | 13 |
| | 42 | 1 | 18 | - | 19 |
| | 43 | - | 11 | - | 11 |
| | 44 | - | 6 | - | 6 |
| | 45 | - | 13 | 1 | 14 |
| | 46 | - | 1 | - | 1 |
| **करौली कुल** | | **30** | **6,053** | **91** | **6,174** |

*****